

# सेंधवा में भीषण एक्सीडेंट, दो की मौत, दो गंभीर

▸ कार-कंटेनर की टक्कर, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक महाराष्ट्र के निवासी थे और कार से इंदौर की ओर जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के संभाजीनगर (औरंगाबाद) और पुणे के चार युवक कार क्रमांक एमच 11 सीडब्ल्यू 4644 से यात्रा कर रहे थे। जामली टोल प्लाजा के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रॉन्ग साइड में पहुंच गई, जहां सामने से आ रहे कंटेनर क्रमांक यूपी 21 डीटी 2996 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में बद्रीनाथ नागरे (30) निवासी संभाजीनगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिकेत पिता अनिल काले (28) ने सेंधवा सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं भूषण पिता राजाराम (25) निवासी पुणे और ओंकार पिता सुदामा (26) निवासी संभाजीनगर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में परिजन दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद अपने साथ ले गए तथा घायलों को भी उपचार के लिए औरंगाबाद रवाना किया गया।

सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों एवं मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

**पुलिस कर रही है मामले की जांच**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चारों युवक रात करीब 1 बजे यात्रा पर निकले थे और धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हुए लेह-लद्दाख जाने की योजना थी। चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साईकिल प्रेमी 3 जून को रैली निकाल करेंगे जागरूक

**पानसेमल, (नवभारत)** विश्व साईकिल दिवस पर नगर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। साईकिल प्रेमी सुभाषराव शितोले ने बताया कि इस वर्ष भी 3 जून को साईकिल दिवस मनाया जाएगा। साईकिल प्रेमी नगर परिषद के पास एकत्र होंगे, वहां से मेंन रोड़, उत्तर गली होते हुए खेतिया रोड़ स्थित ब्रजधाम कॉलोनी पहुंचेंगे। जहां साईकिल दिवस पर कार्यक्रम होगा।

सुभाषराव शितोले ने बताया कि साईकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए और पर्यावरण के लिए बहुत फायदेमंद होता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए साईकिल चलाना चाहिए। सभी साईकिल प्रेमी साईकिल चलाने के प्रति जागरूक करेंगे।

**साईकिल प्रेमियों ने सभी से की है अपील**

इस दौरान स्टेट बैंक के मैनेजर राघव, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, सुभाषराव शितोले, अश्विनी मिश्रा, डीएस डुडवे, सुधीर शर्मा, देवदास जाधव, राजेंद्र माली, मुकेश राजपूत, मुकेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, बाबूलाल मौर्य, अमोल बडगूजर, डॉ दुबे, डॉ बोरसे, डॉ सेनानी, राकेश राठौर ने अपील की है।

### एक नजर में

## शिवजी आर्य प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**पानसेमल।** नगर परिषद पानसेमल, खेतिया, मंडलेश्वर व 27 नगरीय निकायों में सेवाएं देकर परियोजना अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए शिवजी आर्य को सामाजिक दृष्टि से नई जिम्मेदारी मिली है। पावरा बारेला समाज एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को दृष्टीगत रखते हुए अखिल भारतीय पावरा बारेला समाज मंडल केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन पर शिवजी आर्य को मध्य प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। संगठन के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने विश्वास जताया कि वे पावरा बारेला समाज मंडल के उद्देश्यों के तहत समाज हित में कार्य करते हुए समाज को विकास की नई दिशा देंगे। नामदेव गुमानसिंग पटले, महासचिव मेहरबान बरडे, उपाध्यक्ष दिवानसिंह पटेल, उपाध्यक्ष काशिरामजी पावरा विधायक शिरपूर महाराष्ट्र, कोषाध्यक्ष श्याम वास्कले, सहसचिव चंद्रकांत बारेला, रणजीत पावरा, सायसिंह पावरा, सुरेश मोरे, जेलसिंह पावरा, रामकिशन जाधव, धनसिंग पावरा, सुभाष पावरा, सखाराम मोरे, डॉ जितेंद्र भंडारी, गोपाल भंडारी, उमेश भोंसले, विकास डावर, फेंदा पावरा, ज्ञानसिंह सत्या सहित शुभचिंतकों, समाजजनों, मित्रो एवं परिजनों ने बधाई दी है।

# पीएम के मन की बात सुनी



**पानसेमल, (नवभारत)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विधानसभा के अलग-अलग स्थानों पर बूथ अनुसार देखा व सुना गया। विधायक श्याम बरडे ने ग्राम पंचायत धावड़ी के बूथ क्रमांक 1 पर किसानों एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया तथा उनसे संवाद कर समस्याओं, सुझावों एवं क्षेत्र के विकास के विषयों पर चर्चा की।

विधायक बर्डे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनजागरण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। वहीं जलगोन मंडल उपाध्यक्ष राकेश दावरे ने बताया कि कई ग्रामों में मन की बात कार्यक्रम को सुना, वांगरा में किराड़े फलिया में मुख्य अतिथि एवं वक्ता वासुदेव जाधव एवं प्रभारी उत्तम चौहान, प्रेमसिंग किराड़े, राकेश दावरे, सरपंच प्रतिनिधी सावन किराड़े, सुखलाल वास्कले, नरेंद्र किराड़े अमित वास्कले, वरिष्ठ एवं युवा मौजूद थे।

चाटली मंडल के 50 बूथों पर कार्यक्रम का श्रवण किया। पदाधिकारियों ने किसानों एवं ग्रामीणों के साथ देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रयासों पर प्रकाश डाला।

# सिलावद पुलिस ने 24 घंटे में बाइक चोर को दबोचा

▸ एसपी के निर्देशन में की कार्रवाई, चोरी गई बाइक बरामद

**बड़वानी, (नवभरत)।** पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को 24 घंटे अंदर ही पकड़ लिया है। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में सिलावद पुलिस ने वाहन चोरी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाईक बरामद की।

पुलिस ने बताया कि 31 मई 2026 को फरियादी शोभाराम सोलंकी पिता भुरमल सोलंकी निवासी आवलीखेड़ा फलिया, होलगांव की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी द्वारा बाईक क्रं. एमपी-46-एमएक्स-6093 चोरी किए जाने संबंधी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी सिलावद रामकृष्ण लौवंशी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रायदेश उर्फ रायदाश उर्फ रैदास पिता डोंगर सिंह ब्राह्मणे उम्र 20 वर्ष निवासी कुसमिया होली फलिया थाना निवाली को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई बाईक बरामद कर पुछताछ में उसके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया।



आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी एवं नकबजनी के प्रकरण दर्ज होना पाए गए हैं। आरोपी को 01 जून 2026 को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिलावद रामकृष्ण लौवंशी, सहायक उप निरीक्षक राकेश मालवीय, प्रधान आरक्षक यशवंत, आरक्षक पारसिंह डोडवा, आरक्षक सुनील एवं आरक्षक हरलाल की भूमिका रही।

## 11 मरीजों का होगा नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण




**बड़वानी।** लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा सोमवार को आयोजित शिविर में 34 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें से मोतियाबिंद के 11 मरीज मिले हैं। केटी मंडलोई ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लायंस क्लब बड़वानी सिटी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर ने जिला अस्पताल परिसर में शिविर लगाया। जिसमें ठीकरी, तलवाड़ा बुजुर्ग, बालकुआ, बोरलाय, पाटी से 34 नेत्र मरीज पहुंचे थे। महेश जोशी ने बताया कि नेत्र परीक्षण डॉ ऋषिकेश, डॉ प्राप्ति और संजय रावत ने किया। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच बलराम सिंह ने की। वार्डबाय सुधीर सोनाने ने व्यवस्था सम्भाली। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा है। मरीज और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी ने भोजन भी कराया। आगामी शिविर 10 अगस्त को लगेगा।

### एक नजर में

## खारिया फलिया में पेयजल संबंधित समस्याओं का अधिकारियों ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने पेयजल से संबंधित पूर्व में प्रकाशित समाचार को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। इसी के परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मेढा एवं जनपद पंचायत उदयगढ़ सीईओ द्वारा मौके पर टीम भेजकर निरीक्षण कर कलेक्टर को अवगत कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत आम्बी के ग्राम छारवी स्थित खारिया फलिया के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कुल पांच शासकीय हैंडपंप हैं, जिनमें से दो हैंडपंपों का पानी पीने योग्य है, दो हैंडपंपों का पानी खारा है तथा एक हैंडपंप सूख चुका है।



ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित कुएं का पानी केवल नहाने और कपड़े धोने जैसे घरेलू कार्यों में उपयोग किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खुले गड्ढों अथवा कच्चे कुओं का पानी पीने के लिए उपयोग नहीं किया जाता है। चूंकि केवल दो हैंडपंपों से ही पेयजल उपलब्ध हो रहा है, इसलिए ग्रामीणों ने उनमें पाइप बढ़ाने की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को खुले गड्ढों एवं कच्चे कुओं का पानी पीने से बचने की समझाइश भी दी। ग्रामीणों ने खारिया फलिया में एक नए हैंडपंप के खनन की मांग भी रखी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए खारिया फलिया स्थित हैंडपंप में पाइप बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। विभाग ने आश्वस्त किया है कि ग्रामीणों को पर्याप्त एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत आम्बी के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, हल्का पटवारी तथा हैंडपंप मैकेनिक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसी के परिपालन में आज 01 जून 2026 को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में राष्ट्रगीत का गायन सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, सहित अन्य जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के आवेदन बुलवाए

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आलीराजपुर जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों से तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आलीराजपुर जिले के पात्र नागरिकों के लिए आवेदन आमंत्रित की अंतिम तिथि 12 जून 2026 तथा यात्रा प्रारंभ की संभावित तिथि 26 जून 2026 है।

# खाद्यान्न-दवाई भंडार के बारे में ली जानकारी

▸ बारिश के पहले आपदा प्रबंधन के बारे में की समीक्षा

▸ कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक

**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।**



बैठक में सर्वप्रथम आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर माथुर ने निर्देश दिए कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर आपदा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं। उन्होंने खाद्यान्न, शेल्टर और दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति नहीं बनने देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखंड स्तर पर बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करे तथा पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन और उनमें गंदे पानी की मिलावट न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर माथुर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी-फूटी एवं क्षतिग्रस्त पुलियों का सत्यापन कर उन्हें चिह्नित करने तथा अत्यधिक क्षतिग्रस्त पुलियों को बंद कर वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ई-केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने तीनों नगर पालिका परिषदों के सीएमओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे इसकी प्रतिदिन निगरानी करे। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरण रखने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने तथा सीएम हेल्पलाइन में नॉन-अटेंडेड शिकायतें रखने वाले विभागों के अधिकारियों का दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।



# आदिवासी परिवारों की पीड़ा देख पसीजा दिल, विधायक सेना पटेल और महेश पटेल ने किया बड़ा ऐलान

**आलीराजपुर।** उदयगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंबी के ग्राम छारवी स्थित खारिया फलिया में पेयजल संकट से जूझ रहे आदिवासी परिवारों की समस्या को लेकर जोबट विधायक सेना महेश पटेल एवं आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने बड़ा मानवीय निर्णय लिया है। दोनों नेताओं ने घोषणा की है कि यदि प्रशासन दो दिनों के भीतर स्थायी समाधान नहीं करता, तो वे अपने निजी खर्च से बोरवेल खुदवाकर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएंगे।

खारिया फलिया के लगभग 20 आदिवासी परिवार लंबे समय से जल संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को प्रतिदिन एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर नाले में बने गहरे गड्ढे से पानी लाना पड़ता है। इसी दूषित पानी का उपयोग पेयजल एवं घरेलू कार्यों के लिए किया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक सेना महेश पटेल और महेश पटेल ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।



## जिला जल और स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के समाधान तथा सार्वजनिक उपयोग के लिए नवीन नलकूप खनन एवं हैंडपंप स्थापना संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से माननीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा पेयजल संबंधी मांगें प्राप्त हुई हैं।

# मेघनगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया सांई मंदिर का 26वां स्थापना दिवस

**मेघनगर।** स्थानीय साई मंदिर में श्री साईबाबा का 26वां स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की धूम रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्थापना दिवस महोत्सव की शुरुआत अलसुबह (प्रात:काल) विद्वान पंडितों के सानिध्य में हुई। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री साईबाबा की प्रतिमा का विभिन्न प्रकार के फलों के रस से भव्य अभिषेक किया गया। इसके पश्चात बाबा का अलौकिक और आकर्षक श्रृंगार (श्रगार) किया गया।



इस विशेष अवसर के लिए पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से बेहद खूबसूरती के साथ सजाया गया था, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह 9 बजे से मंदिर परिसर में विशेष यज्ञ (हवन) प्रारंभ हुआ। मंत्रों की गूंज और आहुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य यजमान के रूप में अर्चित सोनी रहे। हवन की पूर्णाहुति सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश जैन (पप्पू भैया) द्वारा सविधि संपन्न कराई गई। दोपहर ठीक 12 बजे साईबाबा की भव्य महाआरती उतारी गई। महाआरती में समाजसेवी सुरेश जैन (पप्पू भैया) सहित नगर के गणमान्य नागरिक और सैकड़ों साई भक्तों ने एक साथ मिलकर बाबा की आराधना की। विशाल महाप्रसादी (भंडारा) 8 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसादमहाआरती के संपन्न होने के पश्चात विशाल महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया गया। इस भंडारे में मेघनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 8 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर पूरी श्रद्धा के साथ महाप्रसाद ग्रहण किया। भोजन प्रसादी का यह दौर दोपहर से शुरू होकर देर रात तक अनवरत चलता रहा। आयोजन समिति और साई भक्तों ने इस 26 वे स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए सभी आगंतुक श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर में** ▸ जिला पंचायत सीईओ गोतम ने की बैठक की अध्यक्षता, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# एक वर्ष बाद भी पीएम आवास निर्माण शुरू नहीं करने वाले हितग्राहियों की हुई सुनवाई

**आलीराजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले हितग्राहियों की सुनवाई सोमवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई। यह सुनवाई जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम की अध्यक्षता में की गई।



सुनवाई के दौरान आलीराजपुर, जोबट एवं चंद्रशेखर आजाद नगर जनपदों के हितग्राहियों को मौके पर बुलाकर उनके प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा शेष जनपदों को कल बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित हितग्राहियों को एक सप्ताह पूर्व नोटिस जारी कर सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे।